| Name of State /UTs | No. of IREP Blocks |
|---|---|
| A N Islands | 3 |
| Chandigarh | 1 |
| Dadra & Nagar Haveli | 1 |
| Daman & Diu | 1 |
| Delhi | 5 |
| Lakhadweep | 1 |
| Pondicherry | 2 |
| (ii) TOTAL UTs; | 13 |
| GRAND TOTAL (i) and (ii): | 252 |

**सकल घरेलू उत्पाद की विकास दर में गिरावट के कारण**

1838. **श्री अजीत जोगी** : क्या **योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1990-91 के दौरान सकल घरेलू उत्पाद की विकास दर में गिरावट आने के क्या कारण हैं ;

(ख) घरेलू और गैर सरकारी निगमित क्षेत्र की बचतों में वृद्धि की तुलना में सरकारी क्षेत्र की बचतों में तेजी से गिरावट आने के क्या कारण हैं ; और

(ग) सरकार ने इस संबंध में क्या सुधारात्मक कदम उठाए हैं ?

**योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री और गैर-पारम्परिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुख राम)** : (क) सकल घरेलू उत्पाद (जी डी पी) में वर्ष 1990-91 में 5.6% की वृद्धि 1980 के दशक के दौरान देखी गई प्रवृत्ति के अनुरूप है, जिसमें औसत मिश्रित संवृद्धि 5.6% दर्ज की गई थी। सकल घरेलू उत्पाद संवृद्धि, पिछले वर्ष (1989 90) में, जब सकल घरेलू उत्पाद संवृद्धि 6% थी, औसत संवृद्धि से अधिक होने के कारण वर्ष 1989-90 की तुलना में वर्ष 1990-91 में कम रही।

(ख) यह कमी, मुख्यत: सरकारी बचतों की खराब स्थिति के कारण रही है। फलत: सरकारी राजस्व की तुलना में सरकारी व्यय में अत्यधिक वृद्धि हुई।

(ग) सरकार ने व्यय में कमी करने तथा राजस्व प्राप्तियों में वृद्धि के अनेकों उपाय किए हैं। सरकारी व्यय को नियंत्रित करने के उपायों में शामिल हैं, इमदादों में कटौती, अन्य व्ययों में कटौती करके अतिरिक्त मंहगाई भत्ते के भुगतान को आत्मसात् करना, सार्वजनिक ऋण तथा ब्याज भुगतानों आदि में कमी लाकर बजट घाटे को कम करना । राजस्व बढाने के उपायों में प्रत्यक्ष कर आधार को व्यापक बनाना तथा अप्रत्यक्ष करों को बढाना, शामिल है ।

**गुजरात में योजनाओं की प्रगति पर निगरानी**

1839. **श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी** : क्या **योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केंद्रीय सरकार गुजरात में लागू की जा रही योजनाओं की प्रगति पर निगरानी नहीं रख रही है ; और

(ख) यदि हां, तो गुजरात में उन परियोजनाओं के नाम क्या हैं जिनकी निगरानी केंद्रीय सरकार ने अपनी ही पहल पर की है ?

**योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री और गैर पारम्परिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुखराम)**: (क) और (ख) जी, नहीं। कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग द्वारा प्रत्येक 20 करोड रुपए तथा इससे अधिक लागत वाली केंद्रीय परियोजनाओं का प्रबोधन किया जाता है । कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग की प्रबोधन प्रणाली पर 31 मार्च, 1992 की स्थिति के अनुसार गुजरात में केन्द्रीय परियोजनाओं की एक सूची संलग्न विवरण में दी गई है ।